पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

जूनियर एनटीआर ने फैंस को लगाई लताड़

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

उल्हास विकास

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 60 ■ मंगलवार, 13 मई 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

पान टपरी व चाईनीज कॉर्नर बने नशे के अड्डे

उल्हासनगर शहर के कई पान टपरी में आसानी से मिलते हैं नशीले पदार्थ

- प्रतिबंधित गुटखा सहित बेचे जाते हैं नशीली पदार्थ
- जुआ व मटके के अड्डे अपराधियों के पनाह घर

उल्हासनगर। उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में क्राइम का ग्राफ इस कारण बढ़ गया है कि क्योंकि यहां पर शराब, शबाब और नशा बड़ी ही आसानी से और खुलेआम बेचा जा रहा है। एक तरफ उल्हासनगर शहर में प्रतिबंधित डांस बार खुलेआम जारी है वहीं नशे का कारोबार भी तेजी से फल फूल रहा है। गावठी शराब के साथ बिना लाइसेंस के शराब का कारोबार चाईनीज टपरी और कई होटलों में पुलिस की नाक के नीचे होता है। मचे की बात यह है कि यह सब कारोबार खुलेआम हो रहा है। प्रतिबंधित गुटखा सहित आज शहर के कई पान टपरियों पर अगर छापा मारा जाएं तो यहां नशीली पदार्थ बरामद होंगे। वहीं चाईनीज कॉर्नर व शराब की दुकानों, व बिना लाइसेंस धारक होटलों में भी शराब धड़ल्ले से परोसी जा रही है। यह सब अवैध कारोबार क्राईम को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में जितना भी क्राईम होता है उनका पनाह घर अब जुआ व मटके के अड्डे हो गए हैं। उल्हासनगर पुलिस थाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा जुआ व मटके के अड्डे हैं छोटा सरदार, शंकर, विकी, छोटू सहित कई अड्डा चालक बिंदास अपराधियों को पनाह दिए हुए हैं और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त देखे गए हैं। क्या पुलिस उपायुक्त इन अवैध अड्डों को बंद करने में सफल होंगे।

मुंबई नासिक हाईवे पर 59 हजार का 2.979 किलोग्राम मारिजुआना जब्त

कल्याण. मुंबई-नासिक हाईवे पर पान-टपरियों और चाइनीज फूड बेचने वाली दुकानों में ड्रग्स की बिक्री का गंभीर मामला सामने आया है। ठाणे ग्रामीण पुलिस ने पान की दुकानों और ठेलों पर छापा मारकर गांजा जब्त किया है, जिससे खुलासा हुआ है कि पान की दुकानों और खाने-पीने की दुकानों पर पर्दे के पीछे ड्रग्स बेचने का धंधा चल रहा है।

मुंबई नासिक राजमार्ग भिवंडी और ठाणे शहरों से होकर गुजरता है। इस राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर अवैध ढाबे और पान की दुकानें बना ली गई हैं। लेकिन प्रशासन इन प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। पिछले

कुछ दिनों से ठाणे ग्रामीण पुलिस नशा विरोधी अभियान चला रही है। तदनुसार, ठाणे ग्रामीण पुलिस बल अधीक्षक डॉ. डी.एस. स्वामी के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध जांच शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश मनोरे ने अलग-अलग टीमें तैनात की हैं।

इस बीच, भिवंडी तालुका पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि मुंबई-नासिक राजमार्ग पर दुकानों पर मादक पदार्थ गांजा बेचा जा रहा है। इस सूचना के आधार पर भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक विलास कदम के नेतृत्व में एक टीम ने मुंबई-नासिक राजमार्ग पर येवई इलाके में लाला पान दुकान और साईनाथ चाइनीज फूड दुकान पर छापा मारा। उस समय लाला पान दुकान से राकेश साहू और साईनाथ चाइनीज फूड दुकान से बृजेश यादव और सूरज पासवान के पास गांजा पाया गया। इस मारिजुआना का वजन 2 किलोग्राम 979 ग्राम है और इसकी कीमत 59,580 रुपये है। इनके पास 3 लाख 11 हजार 950 रुपए नकद भी मिले। जांच में पता चला कि वह यह मारिजुआना बेचने के लिए ले जा रहा था।

10वीं का रिजल्ट आज

■ ठाणे जिले से 1 लाख 21 हजार विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा



उल्हासनगर. महाराष्ट्र राज्य उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा के परिणाम आज यानी मंगलवार को घोषित किए जाएंगे। ठाणे जिले से 1 लाख 21 हजार 244 विद्यार्थी 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए थे। यह परीक्षा 338 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई थी। यह परीक्षा नकल मुक्त हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता तैनात किया गया था। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि कल जिले में कितने विद्यार्थी इस परीक्षा में पास होंगे।

महाराष्ट्र बोर्ड कक्षा 10वीं (SSC) का रिजल्ट 13 मई 2025 को जारी होगा. छात्र अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट mahresult.nic.in और डिगीलॉकर के जरिए ऑनलाइन चेक कर सकते हैं. रिजल्ट के साथ पास प्रतिशत और टॉपर्स की जानकारी भी साझा की जाएगी.

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (MSBSHSE) आज कक्षा 10वीं यानी सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट (SSC) परीक्षा के नतीजे घोषित करने जा रहा है. बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस तारीख की पुष्टि की है. राज्य शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रिजल्ट को अब मंगलवार, 13 मई तक टालना पड़ा है, क्योंकि सोमवार, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के कारण अवकाश है.

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में ठाणे जिले से 1 लाख 21 हजार 244 विद्यार्थी 10वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए थे। एसएससी कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से 17 मार्च, 2025 तक आयोजित की गई थी.

कैसे चेक करें 10वीं का रिजल्ट ?

- वेबसाइट mahresult.nic.in पर जाएं.
- होमपेज पर 'Maharashtra SSC Result 2025' लिंक पर क्लिक करें.
- अपना रोल नंबर और माता का पहला नाम दर्ज करें.
- 'View Result' बटन पर क्लिक करें.
- आपका परिणाम स्क्रीन पर दिखाई देगा.
- रिजल्ट को डाउनलोड करें और भविष्य के लिए प्रिंट आउट निकाल लें.

अंबरनाथ में सांप के काटने से एक व्यक्ति की मौत

अंबरनाथ. अंबरनाथ के एक गांव में सांप के काटने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात अंबरनाथ के जवसाई गांव में हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ित वरदराज नायडू को उसके घर पर सांप ने काट लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

उल्हासनगर में युवा गैंग ने मचाई दहशत

- बंजारा कॉलोनी की घटना
- युवकों समेत कुत्तों पर भी किया हमला
- 3 घायल, 4 गिरफ्तार

उल्हासनगर. उल्हासनगर में युवकों के एक गुट ने लोगों व कुत्तों पर हमला कर परिसर में दहशत फैला दी। उल्हासनगर 4 स्थित बंजारा कॉलोनी इलाके में सुबह 6 बजे सब्जी लेने गए नरेश श्रीवास्तव नामक व्यक्ति पर दहशत फैला वाले युवकों ने हमला कर दिया। नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया है। इसके बाद यह दशहतगर्दी युवक बंजारा कॉलोनी, रघुनाथ नगर में राफा परिवार रहता था, वहां इन युवकों ने घर के बाहर उनके कुत्ते पर हमला कर दिया। इसके बाद युवकों ने अश्विनी राफा पर हमला करने के लिए धारदार हथियार निकाल लिए, जो उनसे यह पूछने लगा कि वे कुत्ते को क्यों मार रहे हैं। यहां बीच बचाव करने आए उसके भाई और पड़ोसी पर भी इन युवकों ने हमला कर दिया। इसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दिनदहाड़े युवकों के एक गैंग द्वारा किए गए ये दो हमले दर्शाते हैं कि आरोपियों को पुलिस का कोई डर नहीं है। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही इस मामले में पता चला है कि 4 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

उल्हासनगर में दो घंटे में 160 वाहनों पर कार्रवाई

उल्हासनगर. उल्हासनगर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से शांतिनगर के बीच वाहन चालकों द्वारा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने महज दो घंटे में 160 वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की और 1.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। यह कार्रवाई शहर में एक चर्चा का विषय बन गई है, तथा व्यापारियों से लेकर उपभोक्ताओं तक सभी की ओर से इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुखदेव पाटिल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने शहर में यातायात में बाधा डालने वाले और

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया। शिवाजी चौक से शांतिनगर गेट के बीच दो घंटे चले इस अभियान में 160 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 1 लाख 25 हजार रुपए का ऑनलाइन जुर्माना वसूला गया। इस अभियान में पुलिस उपनिरीक्षक नरेंद्र अहिरे, दत्तात्रय अलशे, विशाल गोरले, जितेंद्र चित्ते, रामनाथ गायकवाड़, नाना आव्हाड, राजाराम सांगले और यातायात वार्डन की टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान पांच कारों पर काली फिल्म लगी होने के कारण जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग करने वाले 155 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस का यह सख्त रुख नागरिकों के ध्यान में आया है और शाम के व्यस्त समय में फंसे वाहन चालकों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने मनपा से की मांग

इस बीच, व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेश थारवानी ने मनपा के समक्ष एक महत्वपूर्ण मांग रखी है। उन्होंने कहा, 'शहर में मुख्य सड़कों पर स्पष्ट पार्किंग क्षेत्र को पीली पट्टियों से चिह्नित किया जाना चाहिए, ताकि ग्राहकों और व्यापारियों को पता हो कि उन्हें कहां पार्क करना है और अनावश्यक जुर्माने से बचा जा सके। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान सिर्फ जुर्माना वसूलने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि शहर में यातायात अनुशासन बनाने के लिए भी है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी और भी कार्रवाइयां की जाएंगी।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

ठाणे. ठाणे शहर में रविवार रात ट्रक-बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा रात करीब 10 बजे कपूरबावड़ी ब्रिज के पास हुआ। नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रमुख यासिन तडवी के अनुसार, ट्रक चालक का नियंत्रण हट गया और उसने स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सवार सड़क पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि ट्रक चालक फरार है और उसकी तलाश जारी है।

बाली में नाव पलटने से बिड़ला स्कूल की शिक्षिका की मौत

- पाठक परिवार और स्कूल में शोक

कल्याण. कल्याण के बिड़ला स्कूल की शिक्षिका श्वेता पाठक की इंडोनेशिया के बाली में नदी में राफ्टिंग करते समय नाव पलट जाने से मृत्यु हो गई। यह जानकारी उनके रिश्तेदारों ने दी। शिक्षिका श्वेता पाठक शैक्षणिक पर्यटन पर गई थी.



पाठक के रिश्तेदार और स्कूल प्रशासन के कर्मचारी बाली के लिए रवाना हो गए हैं और उन्होंने विदेश मंत्रालय से उनके शव को भारत वापस लाने में मदद का अनुरोध किया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कल्याण स्थित बिड़ला स्कूल के 18 छात्र और शिक्षक बाली की यात्रा पर गए। 9 मई को बाली में रिवर राफ्टिंग के दौरान श्वेता की नाव डूब गई। इस हादसे में उनकी मौत हो गई।

सुप्रिया सुले का अनुरोध

श्वेता का शव बाली के गेन्यार शहर के पयांगन अस्पताल में रखा गया है। सांसद सुप्रिया सुले ने विदेश मंत्रालय को ट्वीट कर पाठक के परिजनों की मदद करने की अपील की है।

अंबरनाथ में शुरु हुई गांवदेवी यात्रा

- 16 से दर्गा का उर्स यात्रा
- सभी धर्म के लोग मिल जुल कर मनाते हैं

▶▶ यूसुफ शेख

अंबरनाथ. अंबरनाथ में गावदेवी मंदिर की यात्रा शुरू है तो 16 मई से हजरत गैबन शहा वली दर्गा का उर्स भी शुरू हो रहा हैय गावदेवी यात्रा में आसमानी झूले, खानपान के ठेले, खिलौनों की दुकानें सजी हुई है. शाम से रात तक यहां पर लोगों की भीड़ हो रही है. स्कूली बच्चों की छुट्टियां शुरू हैं. इसलिये पालक बच्चों को लेकर यात्रा में आ रहे हैं. शहर पश्चिम में गावदेवी मंदिर बहुन ही पुराना है. सभी धर्म के लोग यात्रा में मनोरंजन करते दुखाई दे रहे हैं. ये यात्रा पूर्व नगराध्यक्ष अरविंद वालेकर की निगरानी में अमन शांती से चल रही है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग भी बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं. 16 मई से शहर पश्चिम में कोहोजगांव स्थित दर्गा का उर्स भी शुरु हो रहा है. इस वर्ष उर्स कार्यक्रम दस दिनों का होगा. 16 मई से 25 मई तक जलसे, जुलुस, संदल निकालकर शहर का गश्त लगाते हुए संदल को दर्गा पर चढ़ाते हैं. इस बार कव्वाली के कई कार्यक्रमों का आयोजन जिया गया है. इस उर्स में सभी धर्म के लोग भाग लेते हैं. अंबरनाथ पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रखा जाता है. मुस्लिम जमात अंबरनाथ को पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रखा जाता है. मुस्लिम जमात अंबरनाथ को 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और 75 वर्षों से दर्गा का उर्स मनाया जा रहा है. अंबरनाथ शहर राष्ट्रीय एकात्मता का शहर है. सभी धर्म के लोग मिलजुल कर उर्स और जत्रा एवं सभी त्यौहार मिलजुल कर मनाते हैं.

वेबसाइट हैक की साइबर सेल में शिकायत दर्ज

उल्हासनगर. उल्हासनगर महानगर पालिका की आधिकारिक वेबसाइट पर साइबर अटैक से हड़कंप मच गया और बिना अनुमति के फोटो अपलोड कर वेबसाइट की विश्वसनीयता को खतरे में डालने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना को नोटिस करने पर उल्हासनगर महानगरपालिका के आईटी विभाग ने तत्काल कदम उठाते हुए ठाणे साइबर अपराध शाखा में शिकायत दर्ज कराई।

10 मई को पता चला कि उल्हासनगर मनपा की आधिकारिक वेबसाइट पर अनधिकृत पहुंच के माध्यम से एक संदिग्ध तस्वीर अपलोड की गई थी। दोपहर में साइबर हमले का पता चलने के बाद मनपा के आईटी विभाग की प्रमुख श्रद्धा बाविस्कर ने समय रहते हस्तक्षेप किया और वेबसाइट की प्रणाली को सुरक्षित किया।



वेबसाइट तत्काल बंद कर दी गई

हैकर्स ने मनपा की कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली में घुसपैठ कर एक अनधिकृत फोटो अपलोड कर दी। इस मामले पर समय रहते ध्यान दिया गया और वेबसाइट को तुरंत बंद कर दिया गया। मनपा की तकनीकी टीम ने स्क्रीनशॉट, सर्वर लॉग और संदिग्ध आईपी पते सहित सभी प्रासंगिक साक्ष्य संरक्षित कर लिए हैं।

इस बीच, कमिश्नर मनीषा आव्हाले द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार, इस साइबर हमले के संबंध में ठाणे पुलिस कमिश्नर और साइबर क्राइम सेल में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की गई है।

उल्हासनगर मनपा पर यह साइबर हमला न केवल वेबसाइट की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि शहर की डिजिटल छवि के लिए भी खतरा है। प्रशासन द्वारा दिखाई गई तत्परता और साइबर सेल में दर्ज शिकायत इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में पहला कदम है।

बिल्ली के नाखून लगने को लेकर दो परिवारों में मारपीट

उल्हासनगर. उल्हासनगर के इमली पाड़ा क्षेत्र में दो परिवारों के बीच पालतू बिल्ली द्वारा बगल में रहने वाले छोटे बच्चे को नाखून मारने को लेकर लड़ाई की घटना हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए और इस संबंध में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पूजा रोंदिया के घर में पालतू बिल्लियाँ हैं। पड़ोस में रहने वाले अमित रोंदिया के घर में एक छोटे बच्चे को बिल्ली का नाखून लग गया. इससे दोनों परिवारों के बीच बहस शुरू हो गई। कुछ ही देर में दोनों परिवारों के बीच गरमागरम बहस शुरू हो गई, जो मारपीट में बदल गई। इसमें अमित रोंदिया, विकास रोंदिया और नंदा रोंदिया ने पड़ोस में रहने वाली पूजा रोंदिया और उसके पति राकेश रोंदिया की बेरहमी से पिटाई कर दी। राकेश के सिर में गंभीर चोट आई है और दोनों का सरकारी सेंट्रल अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में सेंट्रल थाने में केस दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

कल्याण-डोंबिवली में आधी रात को चलाया गिरफ्तारी अभियान

- वाहन चालकों से 79 हजार रुपये का जुर्माना वसूला
- 25 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

कल्याण. ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के आदेश पर कल्याण-डोंबिवली में अचानक गिरफ्तारी अभियान चलाया गया। दो घंटे तक चले इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के 25 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामले दर्ज किये गये। पुलिस ने विभिन्न सड़कों पर नाकेबंदी की, 266 वाहनों की जांच की तथा 66 अनियंत्रित चालकों से 79,000 रुपये का जुर्माना वसूला।

कल्याण मंडल में इस तलाशी अभियान में पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणजी घेटे, सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे, 47 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और 210 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

यह अभियान रात 11 बजे से शुरू होकर रात एक बजे समाप्त हुआ।

पुलिस टीमें कल्याण डोंबिवली शहर के विभिन्न हिस्सों में गईं और औचक निरीक्षण और अभियान चलाए। प्रतिबंधित तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले 26 स्ट ॉल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अवैध कारोबार चलाने वाले नौ लोगों, कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करने वाले 88 लोगों तथा सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थ बेचने व सेवन करने वाले 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें से 25 लोगों के खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

भगोड़े बदमाशों, वांछित आरोपियों और खतरनाक बदमाशों की तलाश के लिए विभिन्न झोपड़ियों और झुग्गियों पर छापे मारे गए। कल्याण और डोंबिवली शहर के दस मुख्य प्रवेश द्वारों पर नाकाबंदी कर 266 वाहनों की जांच की गई। इनमें से कई ड्राइवर शराब पीते हुए पाए गए। कुछ लोगों के पास वाहन के दस्तावेज नहीं थे। कुछ लोग तेज़ गति से वाहन चलाकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे थे। उपायुक्त झेंडे ने बताया कि कुल 66 ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उनसे 79,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। ये गिरफ्तारी अभियान अब से हर पंद्रह दिन पर चलाए जाने की योजना है। पुलिस ने शहर में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह कदम उठाया है।

ठाणे में 4.5 करोड़ का GST फ्रॉड

ठाणे. ठाणे में जीएसटी की धोखाधड़ी का मामला सामने आ रहा है। एक शख्स ने 60 साल के व्यावसायिक का जीएसटी नंबर और पासवर्ड पता किया। इसके आधार पर आरोपी ने करोड़ों के लेन देन किए। मगर, 4.5 करोड़ रुपए के जीएसटी का भुगतान नहीं किया। आरोपी शख्स का नाम सलमान है, जिसने मुंबई के ठाणे में रहने वाले एक 60 साल के बिजनेसमैन को अपना निशाना बनाया और उसे 4.5 करोड़ रुपए का चूना लगा दिया।

ठाणे पुलिस ने सलमान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और 336 (जालसाजी) समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही सलमान के खिलाफ ॥ कानून के तहत भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर 2024 में आरोपी ने पीड़ित के सामने उसकी कंपनी खरीदने की पेशकश की थी। सबकुछ तय होने के बाद आरोपी ने पीड़ित के फर्म के दस्तावेज, कंपनी का GST नंबर और पासवर्ड हासिल कर लिया।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

कर्ज के नाम पर छल,

पाकिस्तान विगत तीन दशकों से भी अधिक समय से कर्ज के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थाओं से अरबों रुपए की राशि ले चुका है। बावजूद इसके न तो इस उसकी सूरत बदली न सीरत। आखिर इतनी बड़ी राशि कहां जाती है, यह किसी को नहीं मालूम। दूसरी ओर, आतंकवाद जैसी वैश्विक समस्या और उसके वित्त पोषण को लेकर उसका रवैया हमेशा ही संदिग्ध रहा है। विडंबना यह है कि जिस समय पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव की स्थिति बनी थी, वैसे समय में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को करीब बारह हजार करोड़ रुपए का नया ऋण दे दिया।

इस नाजुक समय में आइएमएफ के इस फैसले पर भारत ने स्वाभाविक ही चिंता जताते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद फैलाने के लिए करता है। पाकिस्तान में कृषि से लेकर अर्थव्यवस्था तक चौपट हो चुकी है। विकास की रोशनी दिखाई नहीं देती। एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक से भी कर्ज लेने के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सुस्त है। तब मुद्रा कोष को क्यों नहीं यह सवाल करना चाहिए कि उसका दिया पैसा आखिर किस मद में जाता है?

यह जगजाहिर है कि पाकिस्तान विकास की राह पर चलने के बजाय अपना सैन्य खर्च लगातार बढ़ा रहा है। वहीं उसने सीमापार आतंकवाद फैलाने और अपने यहां आतंकवादियों को पालने-पोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मिलने वाले कर्ज की कोई कसौटी नहीं है। इसकी क्या गारंटी है कि मुद्रा कोष से मिली राशि का उपयोग पाकिस्तान अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने और आतंकवादियों को संरक्षण देने में नहीं करेगा।

हैरत की बात है कि पाकिस्तान को न तो अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की चिंता है और न ही बच्चों की शिक्षा की फिक्र। उस पर करीब दस लाख करोड़ से अधिक का कर्ज है जो उसकी जीडीपी का बयालीस फीसद है। यह छिपा नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिले ऋण को खर्च करने के मामले में उसने कभी पारदर्शिता नहीं बरती। इसलिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों को पाकिस्तान को कर्ज देते समय वैश्विक मूल्यों का खयाल रखना चाहिए।

शत्रु के समक्ष शांति की दुहाई देना एक तरह का आत्मघात

संकट काल में ही किसी राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के वास्तविक चरित्र का परिचय मिलता है। भारतीय सेना एवं नेतृत्व ने जिस साहस से पाकिस्तान के दुःसाहस एवं आतंकी कुकृत्यों का प्रत्युत्तर दिया, वह न केवल सराहनीय, बल्कि गर्वित करने वाला भी है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों के मारे जाने से देश का आम जनमानस क्षुब्ध था। उसमें प्रतिशोध का भाव था।

दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने अस्तित्व के ठीक बाद से ही आतंकवाद का पोषक देश रहा है। भारत ने उसे सबक सिखाने के लिए ही उस पर ऐसा करारा प्रहार किया कि वह बिलबिला कर रह गया। उसने हमारे निर्दोष पर्यटकों को मारा, भारत ने उसके आतंकी ठिकानों को उसके घर में घुसकर ध्वस्त किया। यह तो समय की वह मांग थी, जो हर हाल में पूरी होनी चाहिए थी। हमारी सरकार और सेना ने इसे पूरा किया, जबकि हम जानते हैं कि मुंबई हमले के बाद हमने कैसे कुछ न करने को ही अपनी नीति अपनाई और उसके नतीजे में दब्बू कहलाए।

इसके चलते ही पाकिस्तान का दुःसाहस और बढ़ा। शौर्य के अप्रतिम सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर में अपने आतंकी अड्डों के तबाह होने से बौखलाए पाकिस्तान ने जब भारत पर ड्रोन हमले शुरू किए तो भारतीय सेना ने उसे बताना शुरू किया कि अब उसकी खैर नहीं। ऐसे ही समय कथित नकली शांतिप्रेमियों एवं उदारवादियों का एक समूह सक्रिय हो उठा। वह शांति का राग अलापने लगा और 'से नो टू वार' की दुहाई देने लगा। वह हमास सरीखी दुष्ट पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाने की जरूरत जताने के बजाय भारत को तनाव कम करने की नसीहतें देने में जुट गया। उसे अचानक युद्ध से होने वाली तबाही याद आने लगी।

जो पहलगाम हमले को लेकर भारत सरकार को कुछ बड़ा-कड़ा कदम उठाने के लिए कह रहे थे, वही अचानक संयम की सीख देने लगे। उन्हें पहलगाम के पीड़ित भूलकर पाकिस्तान के आम नागरिक याद आने लगे। ऐसे लोगों की संवेदनाएं सेलेक्टिव क्यों होती हैं? यह स्मरण रहे कि अतीत में भारत ने विदेशी आक्रांताओं अथवा परायों से उतना नुकसान नहीं उठाया, जितना अपनों की किंकर्तव्यविमूढ़ता और विपरीत हालात का डटकर सामना न करने की प्रवृत्ति से। क्या यह सत्य नहीं कि अंग्रेजों ने भारत के विरुद्ध ऐसी कोई लड़ाई नहीं जीती, जिसमें भारतीय



सिपाही सम्मिलित नहीं थे?

उन सिपाहियों की तो फिर भी कोई मजबूरी रही होगी, पर आज के हमारे ढोंगी लिबरल तबके के सामने तो कोई मजबूरी नहीं थी। आखिर उसने देशहित को सर्वोपरि क्यों नहीं रखा? सामने खड़े शैतान प्रवृत्ति के दुश्मन को सबक सिखाने के समय शांति की बातें करना एक तरह से सेना का मनोबल कमजोर करना नहीं तो और क्या है?

ऐसे तत्वों की समस्या यही है कि जैसे ही आतंकिस्तान यानी पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की कड़ी प्रतिक्रिया आती है, तो इन्हें सूक्तियां और शायरी याद आने लगती हैं। इन सुविधावादी लिबरल तत्वों और छद्म शांतिप्रेमियों को कोई समझाए कि वे जिस कथित स्वतंत्रता, उदारता, पंथनिरपेक्षता की डफली बजाते रहते हैं, उसकी छूट भारत में ही है, पाकिस्तान में नहीं। ऐसे कथित लिबरल और मौकापरस्त तत्वों को याद रखा जाना चाहिए और उन्हें बेनकाब करने के साथ उनसे आगे सावधान भी रहना चाहिए।

स्मरण रहे कि युद्ध में जय बोलने वालों का भी अपना महत्व होता है। आम भारतीय इसे भलीभांति समझते हैं। इसीलिए वे संकट के समय सेना, सरकार और नेतृत्व का मनोबल बढ़ाना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। उन्हें विश्वास रहता है कि सेना और सरकार सभी चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इसे हमारी सेना ने साबित भी करके दिखाया। उसने पाकिस्तान के सचमुच पसीने छुड़ा दिए और इसके लिए किसी प्रमाण की जरूरत नहीं। उसके ध्वस्त एयरबेस सारी कहानी खुद ही कह रहे हैं।

हर राष्ट्र के जीवन में छोटे-बड़े युद्ध आते-जाते हैं। युद्ध से बचने या पलायन करने वाले राष्ट्र का न तो वर्तमान होता है, न भविष्य। भारतीयों को यह अच्छे से ज्ञात होना चाहिए कि भारत बुद्ध का देश भी है और युद्ध का भी। हम शक्ति के उपासक हैं, क्योंकि साहस मनुष्य के सभी गुणों का वाहक होता है। महाभारत और रामायण वीरता के भी ग्रंथ हैं। गीता का तो एक बड़ा संदेश युद्ध से पलायनोन्मुखी पार्थ को स्वत्व, स्वाभिमान और स्वधर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करना है।

जहाँ भी जाइए, वहाँ एकता की खुश्बू फैलाइए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

जंग के मुहाने से लौटे भारत-पाक

भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ दिनों से जिस तरह युद्ध के हालात बने हुए थे, उसमें यह आशंका गहरी हो रही थी कि कहीं यह ज्यादा जटिल शक्ल न अख्तियार कर ले। खासतौर पर पाकिस्तान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया देखी जा रही थी, उसमें ऐसा लग रहा था कि उसे भारत की ओर से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने से परेशानी है और इसी वजह से वह एक दिशाहीन टकराव की ओर बढ़ रहा है। मगर शनिवार को जिस तरह भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमति बनने की खबर आई, उससे शांति के लिए एक सकारात्मक उम्मीद बंधी है।

दरअसल, भारत की मंशा पहले भी सिर्फ इतनी ही रही कि उसने बेलगाम आतंकियों को सबक सिखाने के लिए एक 'नपी-तुली और नियंत्रित' प्रतिक्रिया का रास्ता अपनाया था, वह भी उन्हें काबू में करने के लगभग सारे विकल्प खत्म हो जाने के बाद। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने को अपने ऊपर हमला माना और जवाब में जिस तरह की कार्रवाई शुरू कर दी, उसमें नाहक हड़बड़ी और अपरिपक्वता दिख रही थी। मगर इससे स्थिति बिगड़ जाने की आशंका खड़ी हो गई थी।

हालांकि इस बीच भारत ने कूटनीतिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव रखने वाले देशों के सामने समूची स्थिति स्पष्ट तौर पर रखी और इस संघर्ष में पाकिस्तान की भूमिका को भी रेखांकित किया। यह आतंकियों के खिलाफ प्रत्यक्ष कार्रवाई से लेकर कूटनीति के मोर्चे पर बहुस्तरीय घेरा था, जिसका दबाव पाकिस्तान साफ महसूस कर रहा था। शायद यही वजह है कि अमेरिकी मध्यस्थता के बाद पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक यानी डीजीएमओ की ओर से भारत के डीजीएमओ को फोन आया और दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी कि शनिवार को शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। जाहिर है, गंभीर शक्ल लेने की ओर बढ़ते टकराव के बीच पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम की घोषणा शांति की राह तलाशने के लिहाज से एक जरूरी पहलकदमी है और इस पर पाकिस्तान को पहले ही गौर करना चाहिए था। मगर कई बार किसी मसले को इस रूप में भी देखा जाता है कि अगर अंत में सब ठीक कर लिया गया तो वही रास्ता सही है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी हल नहीं है। विडंबना यह है कि कई बार किसी एक पक्ष की द्वेषपूर्ण जिद की वजह से दूसरे को मजबूरन और आखिरी विकल्प के रूप में अपने बचाव में ठोस कदम उठाने पड़ते हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के सामने यही विकल्प बचा था कि वह आतंकियों की लगातार ऐसी हरकतों को रोकने के लिए एक बड़ी कार्रवाई करे और उन्हें संरक्षण और शह देने वाले ठिकानों को निशाना बनाए। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने जो रवैया अपनाया हुआ था, उससे कई बार ऐसा लग भी रहा था कि वह नाहक ही हालात को उलझाने में लगा हुआ है।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारत की संयमित प्रतिक्रिया के बदले में पाकिस्तान ने भारतीय इलाकों में न केवल बेलगाम गोलीबारी शुरू कर दी, बल्कि इस बात का भी खयाल नहीं रखा कि इसका शिकार आम नागरिक हो रहे हैं। एक ओर भारत की कार्रवाई आतंकियों के खिलाफ थी, तो वहीं पाकिस्तान की गोलीबारी में पहले दिन दो बच्चों सहित कई लोगों की जान चली गई। फिलहाल भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम ने पाकिस्तान के लिए एक मौका मुहैया कराया है कि वह आतंकवादी संगठनों को संरक्षण देने के रुख पर विचार करे और क्षेत्रीय शांति की दिशा में ठोस योगदान दे।

ब्रिटिश युग का पंखा 80 साल बाद भी दे रहा ठंडी हवा

जरा हट के

क्या आपने कभी 80 साल पुराना ब्रिटिश जमाने का पंखा देखा है? अगर नहीं, तो आज हम आपको लोकल 18 की इस खास रिपोर्ट के माध्यम से दिखाने जा रहे हैं. जिस पंखे की चर्चा हम इस रिपोर्ट में कर रहे हैं, वह आज भी बेहतर तरीके से काम कर रहा है और ठंडी हवा दे रहा है. यह सुनकर आपके मन में सवाल जरूर आएगा कि भला 80 साल पुराना पंखा अच्छे तरीके से कैसे काम कर रहा है.दरअसल, सहरसा से एक अजब-गजब तस्वीर सामने आई है.

सहरसा के इस्लामिया चौक के रहने वाले मोइउद्दीन राइन के घर के बरामदे पर 80 साल पुराना एक पंखा लगा हुआ है, जो अभी भी बेहतर तरीके से काम कर रहा है. पंखे का ढांचा काफी अलग है और यह पंखा 1930 का है. यह ब्रिटिश इलेक्ट्रॉनिक वर्क मॉडल का बताया जा रहा है.



मोइउद्दीन ने बताया कि उनकी उम्र 40 से अधिक है और तब से इस पंखे को देख रहे हैं. यह पंखा दादा के समय से लगा हुआ है और पिता ने इसे संभाल कर रखा है. आज भी यह पंखा ठंडी हवा देता है और गर्मी से राहत मिलती है. इस पंखे के सामने बड़े-बड़े ब्रांड के पंखे भी फेल हैं. बाहर से जब भी घर में प्रवेश करते हैं, तो कुछ देर इस पंखे के पास जरूर बैठते हैं और ठंडी हवा लेते हैं. यह पंखा जो कोई देखता है, दंग रह जाता है. पंखे का ढांचा इस तरह बना हुआ है कि लोग ताज्जुब करते हैं. ब्रिटिश जमाने का यह पंखा आज भी उसी अंदाज में चलता है.

मोइउद्दीन ने बताया कि इस पंखे में अब तक किसी प्रकार की कोई खराबी नहीं आई है. सिर्फ पर्व-त्यौहार पर पंखे पर रंग-रोगन का काम करवाया जाता है. रिपेयरिंग के नाम पर हर साल सिर्फ कंडेंसर बदला जाता है. कोई मेहमान जब दरवाजे पर आकर इस पंखे की हवा लेते हैं, तो एक सवाल जरूर आता है कि आखिर यह पंखा कब का है. जब भी इस पंखे को देखते हैं, तो हमारे पूर्वजों की याद आती है और यह महसूस होता है कि उनका धरोहर आज भी हमारे दरवाजे पर मौजूद है.

आना-जाना

मटर चाट

मटर की चाट एक बहुत ही टेस्टी स्नैक है, जिसका स्वाद हर किसी को खूब भाता है। इसे बनाना भी बेहद आसान होता है। कुछ आसान स्टेप्स को फॉलो करके आप आसानी से इसे घर पर भी बना सकते हैं। यहां हम आपको मटर चाट बनाने की आसान रेसिपी के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानें मटर की चाट की रेसिपी।

सामग्री :

- 2 1/2 कप सूखी मटर
- 1 मध्यम आकार का आलू
- 1 छोटा प्याज
- 1 हरी मिर्च
- 1/2 इंच अदरक
- 1/4 कप धनिया पत्ती
- 1 छोटा चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच चाट मसाला
- 1/2 छोटा चम्मच काला नमक
- 1 छोटा चम्मच नींबू का रस
- 2 छोटे चम्मच तेल
- स्वादानुसार नमक
- सेव या भुजिया

विधि :

सबसे पहले सफेद मटर को पानी में अच्छी तरह धो लें और रातभर के लिए पानी में भिगोकर रख दें। इससे मटर फूल जाएंगे और आसानी से गल जाएंगे।

जब मटर अच्छी तरह फूल जाएं, तो इन्हें पानी से निकाल लें और प्रेशर कुकर में डालें और 3-4 सीटी लगाएं। इतनी देर में मटर अच्छी तरह नरम हो जाएंगे।

अब एक कढ़ाई में तेल डालें और उसे गर्म कर लें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें जीरा डालकर भुन लें। इसके बाद इसमें प्याल डालें और इसे सुनहरा भूरा होने तर भुन लें। जब प्याज का रंग हल्का भूरा हो जाए, तो इसमें टमाटर डालें और कुछ देर के लिए इसे भी अच्छी तरह भुन लें।

अब इसमें उबली हुई मटर और सभी मसाले अच्छी तरह मिलाएं और इसे कुछ देर तक पकने दें। जब मसाला अच्छी तरह पक जाए, तो इसमें ऊपर से हरा धनिया डालें और गैस बंद कर दें। मटर चाट सर्व करने के लिए एक प्लेट में मटर निकालें, उसके ऊपर हरी चटनी, इमली की चटनी, क्रश की हुई पापड़ी, नमकीन और हरा धनिया पत्ता डालें और सर्व करें।

सफलता की राह में रोड़ा बनती हैं सुबह की 5 आदतें

छोड़कर आप भी बन सकते हैं कामयाब

हर इंसान जीवन में सफलता पाना चाहता है। कोई बड़ा बिजनेस करना चाहता है, तो कोई अपने करियर में ऊंचाई छूना चाहता है, लेकिन बहुत बार हमें खुद समझ नहीं आता कि मेहनत करने के बावजूद हम पीछे क्यों रह जाते हैं। इसका कारण हमारी कुछ Morning Habits होती हैं, जो दिनचर्या और कामकाज दोनों को प्रभावित करती हैं। सुबह का समय पूरे दिन का आधार होता है। यह कहावत आपने जरूर सुनी होगी- 'जैसी सुबह, वैसा दिन।' अगर सुबह की शुरुआत आलस, नेगेटिव सोच या गलत आदतों के साथ होती है, तो उसका असर पूरे दिन पर पड़ता है। आइए जानते हैं सुबह की वो 5 आदतें जो सफलता की राह में रोड़ा बन सकती हैं और जिन्हें

■ अलार्म स्नूज करना

बहुत से लोग अलार्म बजते ही उसे स्नूज कर देते हैं, यह सोचकर कि 'बस 5 मिनट और...', लेकिन यही 5 मिनट धीरे-धीरे आपकी सोच और अनुशासन को कमजोर कर देते हैं। समय की अनदेखी करना, लक्ष्य से भटकाने वाली आदत है।

क्या करें: अलार्म को दूर रखें ताकि उठने के लिए आपको बेड से बाहर आना पड़े। उठते ही ठंडे पानी से चेहरा धोएं और कुछ देर स्ट्रेचिंग करें।

■ उठते ही मोबाइल चेक करना

सोशल मीडिया, ईमेल या मैसेज उठते ही देखने से दिन की शुरुआत बाहरी चीजों से होती है, जो दिमाग को तनाव, तुलना और भ्रम की ओर ले जाती है। इससे आपकी खुद की सोचने की शक्ति और आत्म-चिंतन कमजोर होता है।

क्या करें: उठने के कम से कम 30-45 मिनट तक मोबाइल से दूरी बनाएं। इस समय को खुद के साथ बिताएं — ध्यान करें, पॉजिटिव बातें सोचें, या अपने दिन की प्लानिंग करें।

■ बिना योजना के दिन शुरू करना



अगर आप बिना तय किए दिन की शुरुआत करते हैं, तो सारा दिन कभी इस काम में, कभी उस काम में उलझते रहेंगे। इसका नतीजा ये होता है कि जरूरी काम छूट जाते हैं और समय की बर्बादी होती है।

क्या करें: रात को या सुबह उठते ही 5 मिनट में टूडू लिस्ट बनाएं, आज के जरूरी कामों की। इससे आपका फोकस बना रहेगा और आपको दिनभर की दिशा मिलेगी।

■ नाश्ता स्किप करना

कुछ लोग जल्दबाजी या आलस के कारण सुबह का नाश्ता छोड़ देते हैं, लेकिन सुबह का भोजन सबसे जरूरी होता है, क्योंकि इससे शरीर और दिमाग को ऊर्जा मिलती है। नाश्ता स्किप करने से थकान, चिड़चिड़ापन और ध्यान की कमी हो सकती है।

क्या करें: हेल्दी और बैलेंस ब्रेकफास्ट करें जिसमें प्रोटीन, फाइबर और थोड़े हेल्दी कार्ब्स शामिल हों। जैसे- अंडा, दलिया, फल, ड्राय फ्रूट्स या दही आदि।

■ खुद को समय न देना

हम में से कई लोग सुबह उठते ही सिर्फ काम की भागदौड़ में लग जाते हैं- बच्चों को स्कूल भेजना, ऑफिस की तैयारी, घर के काम आदि, लेकिन अगर आप खुद के लिए 15-20 मिनट भी नहीं निकालते, तो धीरे-धीरे मानसिक थकान और फ्रस्ट्रेशन बढ़ने लगता है।

क्या करें: सुबह का कुछ समय सिर्फ अपने लिए रखें। चाहे वो योग हो, ध्यान, प्रार्थना, किताब पढ़ना या बस शांत बैठना- ये आत्मविकास में मदद करता है और मानसिक स्पष्टता देता है।

आज का राशिफल

मेष : भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

वृषभ : आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

मिथुन : रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

कर्क : व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

सिंह : नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें। तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें।

कन्या : व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा।

तुला : आपका नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। शत्रुओं का पराभव होगा।

वृश्चिक : आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

धनु : बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

मकर : आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

कुंभ : कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा। मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे।

मीन : नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

आपके घर में आया पनीर सिंथेटिक तो नहीं?

आजकल मिलावट का दौर चल रहा है, जिसमें सबसे ज्यादा हमारे रोजमर्रा के खाने-पीने के सामान प्रभावित हो रहे हैं. इसमें पनीर का नाम लिस्ट के सबसे ऊपर आता है. बाजार से लाया गया पनीर अगर नकली (सिंथेटिक) हुआ तो वह आपके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. नकली पनीर में सिंथेटिक दूध, स्टार्च, डिटर्जेंट या अन्य केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जो शरीर में पाचन तंत्र, लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं. आप इस नकली पनीर की पहचान अपने घर पर गर्म पानी की मदद से कर सकते हैं. आइए जानते हैं कैसे?

■ गर्म पानी से कैसे करें सिंथेटिक पनीर की पहचान?

एक कटोरी में थोड़ा सा गर्म पानी लें. ध्यान रखें कि पानी उबला हुआ न हो, लेकिन गर्म हो. अब पनीर का एक छोटा टुकड़ा उसमें डालें और 5 से 10 मिनट तक उसे रहने दें. इसके बाद ध्यान से देखें कि पनीर में क्या बदलाव हो रहे हैं. अगर पनीर असली है तो वह

अपनी बनावट बनाए रखेगा. यह पानी में घुलकर कोई चिकनाहट या झाग नहीं छोड़ेगा. उसका रंग नहीं बदलेगा और उसकी महक सामान्य रहेगी.

वहीं, अगर पनीर नकली है तो वह जल्दी टूटने लगेगा या बिखर जाएगा. पानी पर सफेद झाग या तेल जैसी परत आ सकती है. बदबूदार गंध आ सकती है. पानी में स्टार्च जैसी चिकनाहट दिख सकती है.

■ स्टार्च की मिलावट चेक करने का तरीका

पनीर को मसलकर उसमें 2-3 बूंद आयोडीन टिंचर या हल्दी वाला पानी डालें. अगर रंग नीला या काला हो जाता है, तो उसमें स्टार्च मिला हुआ है, जो मिलावटी पनीर का संकेत है.

■ नकली पनीर खाने से क्या हो सकता है?

- पेट दर्द, गैस और दस्त की परेशानी
- फूड पॉइजनिंग का खतरा
- किडनी और लिवर पर असर
- लंबे समय तक सेवन से गंभीर बीमारियां

■ जरूरी सलाह

पनीर किसी भरोसेमंद ब्रांड या डेयरी से ही खरीदें.

घर पर पनीर बनाना सबसे सुरक्षित तरीका है.

खरीदने से पहले पनीर को सूंघकर और छूकर उसकी बनावट पहचानने की आदत डालें.

एलोवेरा जेल लगाने का आसान तरीका

1. साफ चेहरे से शुरुआत करें

एलोवेरा जेल लगाने से पहले अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लेना जरूरी है. दिनभर की धूल, पसीना और तेल को हटाने के लिए हल्के फेसवॉश या किसी सौम्य क्लींजर का उपयोग करें. चेहरा धोने के बाद उसे साफ तौलिये से धीरे-धीरे थपथपाकर सुखाएं. रगड़ने से बचें, क्योंकि इससे त्वचा पर खिंचाव आ सकता है.

2. ताजा या पैक्ड जेल चुनें

एलोवेरा जेल अगर आप अपने घर के पौधे से निकाल सकते हैं तो यह सबसे अच्छा रहेगा. पत्ती को काटकर बीच से खोलें और चम्मच की मदद से जेल निकालें. अगर ताजा जेल उपलब्ध नहीं है, तो बाजार में मिलने वाला एलोवेरा जेल भी ले सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि उसमें बहुत ज़्यादा केमिकल न हों.

3. पहले पैच टेस्ट ज़रूर करें

एलोवेरा जेल आमतौर पर सभी के लिए सुरक्षित होता है, लेकिन कुछ लोगों को इससे जलन या खुजली हो सकती है. इसलिए इसे लगाने से पहले अपनी कलाई या जबड़े की लाइन पर थोड़ा जेल लगाकर देखें. अगर 24 घंटे में कोई जलन, खुजली या लालिमा न हो तो आप इसे पूरे चेहरे पर लगा सकते हैं.

4. चेहरे पर हल्की परत लगाएं

साफ उंगलियों या फेस ब्रश की मदद से एलोवेरा जेल की एक पतली परत पूरे चेहरे पर लगाएं. ध्यान रखें कि आंखों के आसपास जेल न पहुंचे, क्योंकि वहां की त्वचा बहुत नाजुक होती है. आप चाहें तो गर्दन पर भी इसे लगा सकते हैं.

5. कुछ समय तक लगा रहने दें

एलोवेरा जेल ठंडक देने का काम करता है, इसलिए इसे 15-20 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें. अगर आप ज्यादा ठंडक चाहते हैं तो जेल को लगाने से पहले थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रख दें. समय पूरा होने के बाद चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से धो लें और तौलिये से थपथपाकर सुखा लें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

खबरें गांव की...

रात में मां के साथ सोई 4 साल की बच्ची को अगवा कर दरिंदगी; हालत गंभीर

बस्ती. यूपी के बस्ती में एक ऐसी शर्मनाक वारदात हुई है जिसने लोगों को गुस्से से भर दिया है। यहां मां के साथ सो रही चार साल की एक बच्ची को अगवा कर उसके साथ दरिंदगी की गई। बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुबह वह अपनी मां को बहुत बुरी हालत में मिली। उसके प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। मामला बस्ती के शहर कोतवाली क्षेत्र का है। रेप की शिकार हुई चार साल की इस मासूम बच्ची को गंभीर हालत में सोमवार की सुबह जिला महिला अस्पताल पहुंचाया गया। बच्ची की हालत देख डॉक्टर भी हैरान रह गए। उन्होंने तत्काल बच्ची का इलाज करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए बच्ची का मेडिल भी कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

पत्नी और 2 बच्चों की हत्या कर खुद को लगा ली फांसी, कमरे में मिली चारों की लाश

उन्नाव. यूपी के उन्नाव जिले में बड़ी और दर्दनाक घटना हुई है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद खुद को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना उन्नाव जिले के अचलगंज थाना क्षेत्र के साहबखेड़ा गांव में हुई। पुलिस ने चारों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साहबखेड़ा के रहने वाले संदीप पुत्र उमेश चन्द्र यादव अचलगंज पुलिस को सूचना दी कि उसके भाई अमित यादव उम्र करीब 35 वर्ष ने अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। घर के कमरे में अमित की पत्नी गीता (उम्र करीब 30 वर्ष), 10 वर्षीय और 6 वर्षीय बच्चियां मृत अवस्था में मिली हैं। अमित का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना पर थाना अचलगंज पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया । एसपी दीपक भूकर ने बताया कि मृतकों के शरीर पर कोई चोट के निशान नही पाए गए हैं।

कुशीनगर जिले में जन्मी 17 बेटियों का नाम सिंदूर रखा, परिवार वाले बोले- शब्द नहीं भावना है

कुशीनगर. उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले की निवासी अर्चना शाही के लिए अब सिंदूर एक शब्द नहीं बल्कि एक भावना है, जिसके चलते उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी बेटी का नाम सिंदूर रखने का फैसला किया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से प्रेरित होकर और देशभक्ति की भावना के साथ, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में दो दिनों के अंतराल में जन्मी 17 नवजात लड़कियों का नाम उनके परिजन ने सिंदूर रखा है।

एयरमार्शल बोले- भय बिनु होय ना प्रीत

- सेना ने कहा- आतंकियों के खिलाफ लड़ाई को पाकिस्तानी सेना ने अपना बना लिया

नई दिल्ली. पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आर्मी से DGMO लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नेवी से वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयरफोर्स से एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर 32 मिनट तक फिर जानकारी दी।

एयर मार्शल भारती ने कहा, 'भय बिनु होय ना प्रीत। हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ दिया, तो हमने उसका जवाब दिया। अपनी सेना के नुकसान के लिए वह खुद जिम्मेदार है।' भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे संघर्ष विराम हुआ था।

सबसे पहले एयर मार्शल भारती बोले, कहा- पाकिस्तान आतंकवादियों के साथ

कल हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जॉइंट ऑपरेशन की डिटेल ब्रीफिंग दी थी। हमने कहा था कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान सेना ने दखलंदाजी की, हमने उसका जवाब दिया।

हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के साथ थी, 7 मई को हमने सिर्फ आतंकवादियों पर हमला किया। पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ दिया और हमें जवाब देना पड़ा। उन्हें जो नुकसान हुआ उसके लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है।

पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमले में चाइनीज ओरिजन की मिसाइल शामिल थीं, इनमें लॉन्ग रेंज रॉकेट थे, UAV थे, चीनी ओरिजन के कुछ कॉप्टर्स और ड्रोन थे। इन्हें हमारे एयरडिफेंस सिस्टम ने मार गिराया।

हमने सिविलियन और मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिनिमम टारगेट पर रखा, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार सभी जगह हमले कर रही थी। आपको पता है कि एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है। इसमें लो लेवल फायरिंग, सरफेस टु एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल हैं। हम पर ड्रोन और UAV से हमला किया गया है।

पाकिस्तानी हमले के दौरान हमारे सभी सिस्टम एकसाथ एक्टिव हुए, मॉडर्न डेज वार फाइटिंग के लिहाज से ये अहम था। पुराने माने जा रहे एयर डिफेंस सिस्टम ने भी सही तरह से काम किया। आकाश सिस्टम से भी हमलों का जवाब दिया गया।

कल हमने कुछ टारगेट्स की डिटेल्स को आपके साथ शेयर किया था। हम जो तस्वीरें दिखा रहे हैं, वो बता रही हैं कि हमने दुश्मन ड्रोन, फाइटर एयरक्राफ्ट और मिसाइल गिराईं। हमारी तरफ कम से कम नुकसान हुआ।

सीजफायर के 43 घंटे बाद 32 एयरपोर्ट खुले

- तीन दिन में 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हुई थीं
- अब एयरलाइंस ने बुकिंग शुरू की

नई दिल्ली. भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 43 घंटे बाद सोमवार को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए हैं। एयरलाइंस कंपनियों की तरफ से यात्रियों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। 32 एयरपोर्ट्स के लिए एयरलाइन सर्विसेज 9 मई से 15 मई की सुबह 5:29 बजे तक बंद की गई थीं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी। इसमें बताया कि 15 मई तक बंद 32 एयरपोर्ट्स अब तत्काल प्रभाव से एयरक्राफ्ट ऑपरेशन्स के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को फ्लाइट्स की जानकारी के लिए एयरलाइन कंपनियों की वेबसाइटों देखने के लिए कहा गया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने भी बॉर्डर इलाकों में जवाबी हमला किया। सिविल एविएशन मंत्रालय ने 10 मई को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स बंद करने का निर्देश जारी किया था। फ्लाइट बंद होने के कारण एयरलाइनों की तरफ से 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गई थीं। कई एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों को फुल रिफंड या फ्लाइट रिशेड्यूल का ऑप्शन दिया था।भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई तक संघर्ष चला।

10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों ने सीजफायर (संघर्ष विराम) की घोषणा की थी। इसके बाद पाक बॉर्डर से लगे भारतीय राज्यों में हालात सामान्य होने लगे। 11 मई को राजस्थान में 27 कैंसिल ट्रेनों को बहाल करने का आदेश जारी किया। पंजाब के फिरोजपुर में 8 कैंसिल ट्रेनों को सामान्य रूप से चलाने के आदेश जारी किए गए।

गुजरात से राजस्थान जाने वाली जो नाइट ट्रेनें 10 मई से रद्द कर दी गई थीं, अब वे भी बहाल कर दी गई हैं। गुजरात में सरकारी कर्मचारियों की रद्द की गई छुट्टियों को लेकर भी आज अहम फैसला हो सकता है।

सिग्नल पर बस का ब्रेक फेल, गाड़ियों को कुचला



- लेडी डॉक्टर को कुचला
- 6 लोग घायल
- फिटनेस-इंश्योरेंस एक्सपायर हो चुके थे

भोपाल. भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर स्कूल बस ने 8 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में इंटर्नशिप कर रही लेडी डॉक्टर की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हैं। दो की हालत गंभीर है। बताया गया है कि बस के ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ है। इसका वीडियो भी सामने आया है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला।

बस की टक्कर से उछली डॉक्टर, 50 फीट तक घिसटी

वीडियो में दिख रहा है कि रेड सिग्नल के दौरान बाणगंगा चौराहे पर गाड़ियां आकर रुकीं। इसी दौरान एक स्कूल बस पीछे से तेज रफ्तार में आई और आगे खड़ी गाड़ियों को कुचलते हुए बढ़ गई। बस के ठीक सामने खड़ी स्कूटी पर बैठी युवती उसकी टक्कर से उछली। वह स्कूटी समेत बस के अगले हिस्से में फंस गई।

करीब 50 फीट तक घिसटने के बाद स्कूटी बस के अगले हिस्से से निकली तो युवती अगले पहिए के नीचे आ गई।

बस ड्राइवर चिल्ला रहा था- हटो, हटो

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सिग्नल पर 10-12 वाहन खड़े थे। इसी दौरान पीछे से स्कूल बस आई। उसका ड्राइवर हटो-हटो चिल्ला रहा था। कुछ ही सेकंड्स में बस लोगों को कुचलती हुई आगे बढ़ गई। बस रोशनपुर चौराहा से पॉलीटेक्निक कॉलेज की तरफ जा रही थी।

भारत ने पहली बार किया ब्रह्मोस का इस्तेमाल

- ऑपरेशन सिंदूर से बेदम पाकिस्तान; कितना नुकसान

नई दिल्ली. ऑपरेशन सिंदूर के तहत शनिवार तड़के भारत की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान के कई प्रमुख सैन्य अड्डों पर सटीक और योजनाबद्ध तरीके से हमले किए।

इन हमलों में अत्याधुनिक मिसाइलों और आधुनिक गाइडेड हथियारों का उपयोग किया गया, जिसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, SCALP एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल और HAMMER गाइडेड म्यूनिशन जैसे हथियार शामिल बताए जा रहे हैं।

भारतीय वायुसेना के राफेल लड़ाकू विमानों से लॉन्च किए गए ये हथियार पाकिस्तानी वायुसेना के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ठिकानों जैसे कि रफीकी (झंग), मुरिद (चक्कवाल), नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी), रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनीयां (कसूर) को निशाना बनाया गया। स्कर्दू, भोलारी, जैकबाबाद और सरगोधा के एयरबेस को भी गंभीर क्षति पहुंची है। वहीं, पस्रूर और सियालकोट में रडार ठिकानों को भी सटीक हथियारों से ध्वस्त किया गया।

ब्रह्मोस मिसाइल का युद्ध उपयोग

भारत की ओर से ब्रह्मोस मिसाइल के उपयोग की औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन जानकार सूत्रों का कहना है कि यह मिसाइल भारतीय वायुसेना और नौसेना के सबसे खतरनाक हथियारों में से एक मानी जाती है। भारतीय सेना ने केवल सैन्य और तकनीकी ठिकानों को ही निशाना बनाया जैसे कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, रडार स्टेशन, यूएवी बेस और हथियार भंडार स्थल। मुरिद एयरबेस पाकिस्तानी ड्रोन और यूएवी गतिविधियों का मुख्य केंद्र है, वहीं रफीकी बेस में उन्नत फाइटर स्क्वॉड्रन तैनात हैं। चकलाला स्थित नूर खान बेस में पाकिस्तानी वायुसेना की भारी परिवहन क्षमता और ईंधन भरने वाले विमानों की तैनाती है।

सीजफायर को चिदंबरम ने ठहराया सही कदम

- PM मोदी की युद्ध नीति की तारीफ

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस घटना के बाद देशभर में बदले और बड़ी सैन्य कार्रवाई की मांग उठने लगी। भारतीय सैनिकों ने पहले आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया। उसके बाद पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ण युद्ध की जगह संतुलित और रणनीतिक तरीके से जवाब दिया है। इसकी तारीफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम भी कर रहे

हैं। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस में लिखे एक लेख के जरिए मोदी सरकारी की युद्ध नीति की सराहना की है।

चिदंबरम लिखते हैं-

प्रधानमंत्री मोदी ने पहले भी 16 सितंबर 2022 को रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान राष्ट्रपति पुतिन से कहा था, 'यह युद्ध का युग नहीं है।' यह वक्तव्य वैश्विक स्तर पर सराहा गया और भारत की छवि को एक शांतिप्रिय राष्ट्र के रूप में मजबूत किया। इसी सोच के तहत भारत ने इस बार भी संयम बरता।

7 मई 2025 को भारतीय सेना ने सीमित सैन्य कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में कुल 9 ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन हमलों से निशाना बनाया। इन हमलों में आतंकवादी संगठनों द रेसिस्टेंस फ्रंट (TRF), लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और जैश-ए-मोहम्मद (JeM) के बुनियादी ढांचे को नष्ट किया गया।

भारत की इस कार्रवाई में किसी नागरिक या पाकिस्तान की सैन्य संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया कि भारत युद्ध नहीं, परन्तु न्याय चाहता है। इसके बावजूद पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा (LoC) पर गोलीबारी के जरिए जवाब मिला। 8 मई को पाकिस्तान ने मिसाइल, ड्रोन और वायुसेना का इस्तेमाल करते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसका भारत ने फिर से मापी गई और प्रभावी प्रतिक्रिया दी।

भारत की कार्रवाई के बावजूद यह मानना भूल होगी कि आतंकी संगठन पूरी तरह खत्म हो गए हैं। इन संगठनों का नेतृत्व अभी भी सक्रिय है और पाकिस्तान में उन्हें लगातार समर्थन मिलता रहा है। जब तक पाकिस्तान की सेना और ISI आतंकवाद को बढ़ावा देते रहेंगे, भारत के लिए खतरा बना रहेगा। इस संघर्ष में कुछ भारतीय नागरिकों की जान गई है और कुछ सैन्य नुकसान भी हुआ है।

पाकिस्तान के हमले में चली गई जुड़वा भाई-बहन की जान

पहलगाम हमले के बाद जब भारत ने आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत किया तो बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से गोलीबारी करने लगी। पाकिस्तान ने आम लगों को निशाना बनाना शुरू किया। पाकिस्तानी हमले में पुछ शहर में रहने वाले दो जुड़वा भाई-बहन भी मारे गए। आज उनका पूरा परिवार सदमे में है। जुड़वा भाई बहन जैन अली और उर्वा फातिमा की एक पाकिस्तानी बम ने जान ले ली।

ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद जब पाकिस्तान ने फायरिंग शुरू की तो सीमा से सटे इलाके के लोगों की नींद उड़ गई। सुबह के 6 बजे ही जैन और उर्वा के मामा उन्हें घर से निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए पहुंचे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों की मौसी ने बताया कि उर्वा का हाथ मां ने पकड़ रखा था और जैन का हाथ पिता ने थाम रखा था। तभी अचनाक बम फटा और जैन और उर्वा दोनों बुरी तरह घायल हो गए।

उर्वा की मां ने देखा कि जैन दूर पड़ा हुआ है। वहां एक शख्स किसी तरह उसकी सांस चलाने की कोशिश कर रहा है। जैन और उर्वा के पिता भी बुरी तरह घायल हो गए थे। पिता रमीज को अस्पताल ले जाया गया। रमीज को बाद में पता चला कि उर्वा और जैन अब इस दुनिया में नहीं हैं। बच्चों की मां भी घायल हैं और अस्पताल में इलाज चल रहा है।

आसमान में मंडरा रहे 10 सैटेलाइट 24 घंटे रहती है निगरानी : इसरो चीफ

इंफाल. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी. नारायणन ने कहा कि देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए 10 उपग्रह लगातार 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। मणिपुर की राजधानी इम्फाल स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को रविवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक 'सजीव अंतरिक्ष शक्ति' बनता जा रहा है और वर्ष 2040 तक देश का पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा।

इसरो प्रमुख ने कहा, 'आज 34 देशों के 433 उपग्रह भारत से अंतरिक्ष में छोड़े गए हैं और उन्हें उनके कक्ष में स्थापित किया गया है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आज 10 उपग्रह देश के

नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्देश्य से लगातार 24 घंटे कार्य कर रहे हैं।'

उनकी यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव की पृष्ठभूमि में आई है। देश ने सात मई की सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था, जिसका उद्देश्य पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था।

डॉ नारायणन ने कहा, 'यदि हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो हमें उपग्रहों का उपयोग करना होगा। हमें अपने 7,000 किलोमीटर लंबे समुद्री तट की निगरानी करनी है। हमें पूरे उत्तर भारत को लगातार निगरानी में रखना है। यह कार्य उपग्रह और ड्रोन तकनीक के बिना संभव नहीं है।'

उन्होंने बताया कि इसरो जी20 देशों के लिए एक विशेष उपग्रह विकसित कर रहा है, जिसका उद्देश्य जलवायु, वायु प्रदूषण और मौसम की निगरानी करना है। इसरो प्रमुख ने स्वतंत्रता के बाद देश की प्रगति को 'अद्वितीय और उल्लेखनीय' बताया।

कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

- BCCI ने लिखा- थैंक्यू विराट
- एक युग का अंत, विरासत जारी रहेगी;
- बेस्ट फ्रेंड डिविलियर्स बोले- सच्चा लीजेंड

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे।

कोहली ने 10 मई को BCCI से कहा था कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं। बोर्ड ने कोहली को अपने फैसले पर फिर विचार करने को कहा था। 11 मई को बोर्ड के एक अधिकारी ने उनसे बात भी की थी।

BCCI ने विराट कोहली को थैंक यू कहा। बोर्ड ने लिखा - टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। उन्होंने टीम इंडिया के लिए जो योगदान किया, उसे हमेशा याद किया जाएगा।

दिसंबर/जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में हुई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। BGT में कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इनमें एक शतक शामिल था।

विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए। विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए।

इंस्टाग्राम पर संन्यास की घोषणा

कोहली ने लिखा- टेस्ट ने मेरी परीक्षा ली, जिंदगी के सबक सिखाए

विराट ने लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉरमेट मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दी और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा।

सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं।

जब मैं इस फॉरमेट से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है।

मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।'

उन्होंने आगे अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'।

ऑपरेशन सिंदूर से युद्धविराम तक...

भारत ने पाकिस्तान की ये 8 झूठी 'मिसाइलें' भी उड़ाई

नई दिल्ली. भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने अपने झूठ और दुष्प्रचार की सारी हदें पार कर दीं। मिसाइल हमलों से लेकर धार्मिक स्थलों पर हमलों के फर्जी आरोपों तक, पाकिस्तान ने एक के बाद एक मनगढंत कहानियां गढ़ीं, लेकिन भारत ने हर झूठ का जवाब तथ्यों, समय-सील फोटोज और वीडियो के साथ देकर पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने शर्मसार कर दिया।

भारत ने साफ किया कि पाकिस्तान की इन कोशिशों का मकसद सिर्फ अपनी विफलता को छुपाना और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करना था। भारत ने न केवल इस दुष्प्रचार को बेनकाब किया, बल्कि यह भी दिखा दिया कि उसकी सैन्य और रणनीतिक तैयारी कितनी मजबूत है।

एक नजर डालते हैं, पाकिस्तान की उन 8 झूठे दावों पर, जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया-

झूठ: भारत का S-400 सिस्टम तबाह

सचः विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान का यह दावा पूरी तरह फर्जी है। 'S-400 की कोई हानि नहीं हुई, और JF-17 से उसे निशाना बनाने की बात हास्यास्पद है।'

झूठ: ब्रह्मोस मिसाइल डिपो नष्ट

सचः कर्नल सोफिया कुरैशी ने स्पष्ट किया कि ब्यास क्षेत्र में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल साइट पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने तस्वीरों और ग्राउंड रिपोर्ट के साथ इसे साबित किया।

झूठ: भारतीय एयरफील्ड्स पर हमला

सचः जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, भुज और नलिया जैसे एयरबेस पाकिस्तान के दावे के विपरीत पूरी तरह सक्रिय और सुरक्षित पाए गए। भारत ने सभी ठिकानों के हालिया चित्र और रिपोर्ट जारी किए।

झूठ: भारत ने मस्जिदों को निशाना बनाया

सचः विंग कमांडर सिंह ने कहा, 'भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हमारी सेनाएं संविधानिक मूल्यों की प्रतिनिधि हैं। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है, किसी भी धार्मिक स्थल को नहीं।'

झूठ: ननकाना साहिब पर हमला

सचः पाकिस्तान के ननकाना साहिब पर ड्रोन हमले का दावा पूरी तरह मनगढ़ंत है। भारत ने स्पष्ट किया कि इस तरह का कोई ऑपरेशन नहीं हुआ।

झूठ: भारतीय मिसाइल अफगानिस्तान में गिरीं

सचः अफगानिस्तान की सरकार ने भी पाकिस्तान के इस दावे को नकारा और कहा, 'ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। यह पूरी तरह झूठा आरोप है।'

झूठ: भारत ने खुद पर ही हमला किया

सचः पाकिस्तान ने कहा कि भारत खुद अपने शहरों जैसे अमृतसर पर हमले कर रहा है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इसे 'पागलपन भरा और बेतुका आरोप' बताया और कहा, 'इतना गंदा स्क्रिप्ट कोई पाकिस्तानी ही लिख सकता है।'

झूठ: एयरबेस पर भारी नुकसान

सचः भारत ने पुष्टि की कि कुछ एयरबेस उधमपुर, भुज आदि पर हमले की कोशिशें हुईं, लेकिन एयर डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर हमलों को विफल कर दिया और नुकसान न्यूनतम रहा।

मैं बागी हो सकता हूं लेकिन गद्दार नहीं : मलिक

नई दिल्ली. पहलगाम हमले को लेकर दिए अपने बयानों के बाद पाकिस्तान में चर्चा पाने और भारत में आलोचना के शिकार हुए पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने जवाब दिया है। उन्होंने खुद को किसान कौम का बेटा बताते हुए कहा कि वह बागी हो सकते हैं, लेकिन गद्दार नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने पहलगाम हमले को लेकर पीएम

मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए थे और उन्हें डरपोक तक कह डाला था। 6 मई को एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सत्यपाल मलिक ने पहलगाम हमले को लेकर सरकार पर सवाल उठाए और सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि इस असफलता के लिए पीएम मोदी को माफी मांगनी चाहिए। सत्यपाल मलिक का यह बयान पाकिस्तान में बहुत चर्चित हुआ। पाकिस्तान के कई नेताओं और सेना ने उनके बयान का सहारा लेकर अपना बचाव किया और भारत सरकार पर दोष मढ़ने की कोशिश की। इसकी वजह से कई लोग सोशल मीडिया पर सत्यपाल मलिक को ट्रोल कर रहे थे।

आम सूचना

मैं श्री गिरीश नानिकराम चौधरी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 401, चौथा माला, ड्रीमलैंड अपार्टमेंट, ब्लॉक नं. ए-39, रुम नं. 233-234, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 12बीआय015312300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती जया अमर वरियाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.3.2025 सी.नं. 671 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

श्री गिरीश नानिकराम चौधरी

संक्षेप...

तकनीकी खराबी के कारण कलवा, दिवा और मुंब्रा में जलापूर्ति बंद

ठाणे. 12 मई की सुबह महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के जांभुल जल केंद्र से 1800 मीटर पानी की पाइप लाइन अचानक फुट गई।पाइप लाइन फूटने के कारण शहर में जलापूर्ति कुछ क्षेत्रों में ठप रहेगी। एमआईडीसी ने बताया है कि उक्त जल पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य चल रहा है और कार्य पूरा होने में 12 से 15 घंटे का समय लगेगा।इस मरम्मत अवधि के दौरान ठाणे मनपा के अंतर्गत दिवा, मुंब्रा और कलवा प्रभाग समितियों में जलापूर्ति 12 से 15 घंटे तक पूरी तरह बंद रहेगी। कार्य पूरा होने के बाद जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वह ध्यान दें और सहयोग करें।

भीषण आग से 22 गोदाम जलकर राख

- बड़ी मात्रा में कपड़े, जूते, रसायन और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री खाक
- आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं

उल्हास विकास संवाददाता

भिवंडी. मुंबई-नासिक राजमार्ग पर भिवंडी तालुका के वडपे स्थित रिचलैंड कॉम्प्लेक्स के एक बड़े गोदाम में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। इस गोदाम परिसर में कुल 22 गोदाम आग से जलकर खाक हो गए। इन गोदामों में बड़ी मात्रा में कपड़े, जूते, रसायन और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री रखी हुई थी। इससे इन गोदामों में रखा करोड़ों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। आग की सूचना मिलते ही भिवंडी और कल्याण से दो-दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए गहन प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन पानी की कमी के कारण आग बुझाना मुश्किल हो गया।

एक रासायनिक गोदाम में आग बुझाने के लिए फोम का उपयोग किया जा रहा है। आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है, तथा यद्यपि व्यापक क्षति हुई है, सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ।

इस आग में के. के. इंडिया पेट्रोलियम स्पेशियलिटीज प्राइवेट लिमिटेड को क्षति पहुंची है। लिमिटेड, कैनन इंडिया प्राइवेट। लिमिटेड कंपनी, ब्राइट लाइफकेयर प्राइवेट। लिमिटेड कंपनी, होलीसोल प्राइवेट। लिमिटेड कंपनी, एबॉट हेल्थकेयर प्राइवेट। लिमिटेड के पास सजावट सामग्री का एक बड़ा गोदाम है। इस गोदाम में भारी मात्रा में रसायन, प्रिंटिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, स्वास्थ्य संबंधी प्रोटीन फूड पाउडर, कॉस्मेटिक सामग्री, कपड़े, जूते, मंडप सजावट सामग्री और फर्नीचर का भंडारण किया गया था। दमकल विभाग ने बताया कि दमकल विभाग के अथक प्रयासों के बाद आठ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से कोई जनहानि नहीं होने से बड़ा हादसा घटित होने से टल गया.

फर्जी प्रमाणपत्र से हासिल किया राशनिंग विभाग का ठेका

- ठेकेदार को बचाने में जुटे अधिकारी

ठाणे. फर्जी प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कर महाराष्ट्र सरकार के राशनिंग विभाग का ठेका लेने का गंभीर मामला सामने आया है। इस प्रकरण में शिकायत होने के बावजूद विभाग के कुछ अधिकारी ठेकेदार को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। अब यह मामला लोकायुक्त तक पहुंच गया है, जहां से जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुलुंड स्थित 'आकाश ग्राहक सहकारी संस्था मर्यादित' को वर्ष 2021 में ठाणे जिले में राशनिंग सप्लाई का ठेका दिया गया था। लेकिन सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त दस्तावेजों में यह खुलासा हुआ कि यह संस्था केवल 'मुलुंड टी विभाग' तक सीमित है। बावजूद इसके, ठेका प्राप्त करने के लिए संस्था ने अपने कार्यक्षेत्र को 'मुंबई और ठाणे जिला' बताया और यह फर्जी प्रमाणपत्र विभागीय पोर्टल पर अपलोड कर ठेका हासिल किया गया।इस गड़बड़ी की शिकायत राज्य सरकार के अन्न, नागरी पुरवठा एवं ग्राहक संरक्षण विभाग से की गई, जिसके बाद कक्ष अधिकारी डॉ. अंजली पाटील द्वारा की गई जांच में स्पष्ट रूप से फर्जी प्रमाणपत्र का उपयोग सामने आया।

विभाग ने संस्था से तीन दिनों में स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं दिया गया।जांच अधिकारी की सिफारिश के बावजूद, छह महीने बीत जाने के बाद भी राशनिंग विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों के अनुसार, विभागीय अधिकारी ठेकेदार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

मातृ दिवस के निमित्त प्रकृति को पालनहार का सम्मान

उल्हास विकास संवाददाता

ठाणे. मातृ दिवस के अवसर पर जिला सूचना कार्यालय में ठाणे मनपा, जिला पत्रकार संघ, शहर दैनिक पत्रकार संघ और जिला सूचना कार्यालय के सहयोग से 'मातृ दिवस' को विशेष अभिनव तरीके से मनाया गया। इस कार्यक्रम में जीवनदायिनी माँ के साथ-साथ जीवन की सच्ची पालनहार प्रकृति का भी सम्मान किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मातृ दिवस की पारंपरिक अवधारणा को व्यापक बनाकर प्रकृति के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना है। इस कार्यक्रम से पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ने तथा उस दिशा में कार्रवाई करने की प्रेरणा मिलने की उम्मीद है। इस पर बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली और पर्यावरण विशेषज्ञ विजयकुमार कट्टी ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर ठाणे जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय पितले, ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ अध्यक्ष आनंद कांबले, वरिष्ठ पत्रकार कैलास म्हापदी,वरिष्ठ पत्रकार दीपक दलवी, ठाणे सिटी हाउसिंग सोसाइटी फेडरेशन के अध्यक्ष कस्बर ऑगस्टीन, भरत अनिखंडी, महेंद्र मोने, श्री मिस्त्री, भाऊ कांबले, आसरा फाउंडेशन के मोहन शिरकर, अमन कोइरी, एमएसीओ बैंक के सहदेव बाने, पर्यावरणविद वालावलकर और बड़ी संख्या में नागरिक व पत्रकार उपस्थित थे।

भिवंडी मनपा कचरा ठेकेदार से वाहन वापसी में साबित हुई असफल

- 10 करोड़ की कचरा गाड़िया रही सड़ और आग के हवाले
- कचरा घोटाला की मुख्यमंत्री से जांच की मांग

उल्हास विकास संवाददाता

भिवंडी. भिवंडी मनपा प्रशासन द्वारा कचरा ढुलाई ठेका रद्द होने को करीब 10 माह बीत जाने के बावजूद भिवंडी मनपा प्रशासन आर एंड बी इंफ्रा कंपनी ठेकेदार को कचरा ढुलाई के लिए दी गई करीब 10 करोड़ रुपए से अधिक की मशीनरी 50 घंटा गाड़ी,जेसीबी मशीन,23 आरसी मशीन,डंपर, ट्रक आदि की वापसी में असफल साबित हुआ है.समाजसेवी परमेश्वर अंबोरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस,उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखित पत्र देकर सक्षम अधिकारी से भ्रष्टाचार मामले की उच्चस्तरीय जांच कर कचरा ढुलाई ठेकेदार आर एंड बी सहित संबंधित अधिकारियों पर कड़क एक्शन लेने की मांग की है.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा प्रशासन द्वारा करीब 2 वर्ष पूर्व कचरा ढुलाई का ठेका मे.आर एंड बी इंफ्रा कंपनी को दिया गया था.मनपा प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान अंतर्गत मनपा को करोड़ों रुपए लागत से मिली हुई 50 घंटा गाड़ी, 23 आरसी मशीन, डंपर, ट्रक आदि भी ठेकेदार कंपनी को मात्र 1रुपए प्रतिमाह के एवज में दिया गया था.सूत्रों के अनुसार,टेंडर की शर्तों में ठेकेदार जब भी वाहन वापस करेगा तो सभी वाहनों को फूल मेंटेनेंस करके देना तय था.आश्चर्यजनक है कि,आर एंड बी इंफ्रा का ठेका करीब 10 माह पूर्व रद्द होने के बावजूद भी ठेकेदार ने बकाया भुगतान अदायगी के बाद ही वाहन लौटाए जाने का लिखितपत्र देकर सभी वाहनों को इधर उधर रास्ते किनारे, गोदाम में खड़ा रखा है जहां वाहन धूल फांककर सड़, गल चुके हैं.आरोग्य विभाग की माने तो,मनपा को करीब 10 करोड़ का भुगतान ठेकेदार को देना बाकी है. समाजसेवी अंबोरे का आरोप है कि, भिवंडी मनपा को आर एंड बी कंपनी ठेकेदार सहित मनपा आरोग्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की वजह से करोड़ों की चपत लगी है.मनपा प्रशासन को समूचे मामले की जानकारी होने के बाद भी ठेकेदार सहित उक्त मामले में शामिल किसी भी अधिकारी पर एक्शन नहीं लिया गया जो गंभीर एवं संदेहास्पद है. कचरा ढुलाई ठेकेदार पर एफआईआर किए जाने के निर्देश का पालन भी विभागीय अधिकारियों ने नहीं किया जिससे ठेकेदार के हौंसले बुलंदी पर हैं.शहर के लाखों नागरिकों द्वारा स्वच्छता मद की खातिर मनपा को भुगतान किया गया करोड़ों रुपया भिवंडी मनपा प्रशासन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की वजह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है.अधिसंख्यक वाहनों के कलपुर्जे, बाडी, सीट, टायर, इंजिन आदि भंगार में बिक चुके हैं.कई वाहनों में कचरा डालकर जलाने की घटनाएं भी प्रकाश में आई हैं. लोगों की माने तो,भ्रष्ट ठेकेदार से मनपा का करीब 10 करोड़ रुपए के कचरा ढुलाई वाहन की वापसी प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर के लिए किसी बड़ी चुनौती से कदापि कम नहीं है.

कचरा ढुलाई वाहन प्रकरण की जांच मनपा आरोग्य विभाग उपायुक्त को सौंपी गई है .कचरा ढुलाई वाहन मनपा की प्रापर्टी है .कचरा ढुलाई टेंडर शर्तों के अनुसार ठेकेदार कंपनी को सभी वाहन मनपा को दुरुस्ती कर लौटाना पड़ेगा . दोषियों पर एक्शन जरूर होगा .

-अनमोल सागर
प्रशासक, आयुक्त भिवंडी मनपा

घनसोली स्थित मेघमल्हार सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित सोसायटी के पंचवार्षिक चुनाव संपन्न हुए, जिसमें 'आमची सोसायटी आमची जबाबदारी' पैनल विजयी घोषित हुआ. इस दौरान नवनियुक्त संचालक तुषार नाईक को बधाई देने पहुंचे पूर्व सांसद संजीव नाईक व पूर्व विधायक संदीप नाईक. इस मौके पर तुषार नाईक ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया.

ठाणे मनपा ने अपनी वेबसाइट पर साइबर हमले का दावा किया

ठाणे. महाराष्ट्र के ठाणे जिले में उल्हासनगर नगर निगम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए दावा किया है कि उसकी वेबसाइट पर साइबर हमला हुआ है।

सहायक नगर आयुक्त और जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले ने बताया कि कथित हमला शनिवार दोपहर साढ़े 12 बजे हुआ।

साबले ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नगर निगम की वेबसाइट पर एक संदिग्ध तस्वीर अपलोड कर दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही निगम ने तुरंत अपनी पूरी आईटी प्रणाली को सुरक्षित कर लिया और सभी आवश्यक साक्ष्य, जैसे कि सर्वर लॉग, स्क्रीनशॉट और फॉरेंसिक डेटा को सुरक्षित रूप से संरक्षित कर लिया है।

उन्होंने कहा कि निगम ने इस कथित साइबर हमले की जांच के लिए पुलिस से अनुरोध किया है।

अवैध रूप से कार्यरत पेस्ट कंट्रोल के लोगों को काम नहीं देने का आह्वान

ठाणे. लाइसेंसिंग प्राधिकरण विभाग सभी नागरिकों से आवाहन किया है कि कीटनाशक अधिनियम 1968 और कीटनाशक अधिनियम 1971 के प्रावधानों के अनुसार, वे शहर में अनधिकृत कीट नियंत्रण करने वाले व्यक्तियों और संगठनों से सावधान रहें और उन्हें कोई काम न दें।

आधिकारिक रूप से लाइसेंस प्राप्त कीट नियंत्रण सेवा प्रदाता और कर्मचारी सरकार द्वारा विनियमित होते हैं और विशिष्ट नियमों के तहत काम करते हैं।इसलिए सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति या संगठन से कीट नियंत्रण सेवाएं लेने से पहले अपना आधिकारिक लाइसेंस और पंजीकरण सुनिश्चित कर लें। बहुत कम दरों पर सेवाएं देने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से सावधान रहें। केवल अधिकृत एवं पंजीकृत कीट नियंत्रण सेवा प्रदाताओं को ही आपके घर या प्रतिष्ठान में काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए। यदि आपको अपने क्षेत्र में कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से कीट नियंत्रण कार्य करता हुआ मिले तो तुरंत मोबाइल नंबर पर कॉल करें। लाइसेंसिंग अधिकारी और जिला कृषि अधीक्षक अधिकारी ठाणे ने अपील की है कि लाइसेंसिंग अधिकारी को 7039944689 और 8208855970 पर सूचित किया जाना चाहिए.

सेना के बारे में गलतफहमी फैलाने वाले उबाठा सांसदों की जांच हो

सांसद नरेश म्हस्के ने केंद्र सरकार से की मांग

ठाणे. ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना की वीरता के बारे में लोगों के बीच गलतफहमी फैलाने वाले उबाठा सांसद संजय राउत और अरविंद सावंत की जांच हो। इसके साथ ही उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला भी दर्ज किया जाय। यह मांग शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने की है। भारतीय सेना की कार्रवाई के बारे में शंका व्यक्त करने वाले संजय राऊत और अरविंद सावंत इन दोनों सांसदों के मुंह से पाकिस्तानी भाषा निकल रही हैं। यह लोग पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता बन गये हैं। इस प्रकार की कड़ी टिप्पणी सांसद म्हस्के ने की है।

सांसद म्हस्के ने आगे कहा कि भारतीय सेना की कार्रवाई पर पिछले दो दिनों से सांसद संजय राऊत और अरविंद सावंत संशयास्पद स्थिति निर्माण कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना, पाकिस्तानी नेताओं की भाषा राऊत और सावंत के मुंह से निकल रही है। 'गिरे तो भी टांग ऊपर' यह किसको उद्देशित कर कहा गया? इस प्रकार का दो टूक सवाल सांसद म्हस्के ने अरविंद सावंत से पूछा है। 'गिरे तो भी टांग ऊपर' जैसी टिप्पणी करना क्या भारतीय एयरफोर्स का अपमान नहीं है?

भारतीय सेना के बारे में राऊत और सावंत द्वारा दिये गये बयान की देश के सभी नागरिक को कड़ी निंदा करनी चाहिए। भारतीय सेना किसी पार्टी की नहीं बल्कि देश की सेना है। इसलिए तुम्हें भारतीय सेना पर विश्वास रखना ही चाहिए। सेना ने फोटो सहित, वीडियों सहित सबूत दिये इसके बावजूद तुम उसके बारे में गलतफहमी फैला रहे हो। यह इस तरह से सेना का अपमान है, देशद्रोह है। इस प्रकार की टिप्पणी सांसद म्हस्के ने की है।

SST महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों की मॉक ड्रिल में कुशल भागीदारी

उल्हासनगर. केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार देशभर में नागरिकों में आंतरिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कल्याण स्थित मैक्सी ग्राउंड पर आयोजित मॉक ड्रिल में एसएसटी महाविद्यालय, उल्हासनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज की।

इस मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा दल ठाणे-कल्याण, पुलिस प्रशासन, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका और महाराष्ट्र शासन की ओर से युद्ध जैसी या आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को आत्मरक्षा कैसे करनी चाहिए, इसका प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। एसएसटी महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लेकर आपदा प्रबंधन में अपनी तत्परता का परिचय दिया।

गौरव की बात यह है कि इन स्वयंसेवकों ने इससे पहले भी कई प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) से वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्राप्त कर इन्होंने आपदा प्रबंधन का मूलभूत ज्ञान अर्जित किया है। एसएसटी महाविद्यालय की NSS इकाई की यह पहल महाविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी और छात्रों को संवेदनशील नागरिक बनाने की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों की प्रमाणिकता दर्शाती है।

आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्री राज अनिलकुमार कारीरा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 8, चौथा माला, सत्यम बी अपार्टमेंट, उल्हासनगर- 421002. क्षेत्रफल 714 स्क. फुट बिलटप एरिया (टैक्स नं. 11बीआय004287800) इस प्रॉपर्टी के बिक्री का सौदा मैंने मिस ज्योति मनोज कोटवानी के साथ किया है।

अगर उपरोक्त प्रॉपर्टी के बारे में किसी हिस्से के लिए किसी भी व्यक्ति को मोरोसी हक, वास्ता जैसे कि बिक्री नामा, गिरवी नामा, बक्षीस नामा, वसीयत नामा व कब्जा इत्यादि अथवा किसी भी कोर्ट केस या संस्था/बैंक को देना ऐसी किसी किस्म की आपत्ति (ऐतराज) हो तो वह लेखी में पूरे सबूतों के साथ इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 14 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पत्ते पर अपनी आपत्ति सबूतों के साथ समय पर भेजे। अन्यथा दूसरी हालत में आम सूचना के समय पूरे होने के बाद उपरोक्त प्रॉपर्टी का सौदा कर पूरा कर दिया जाएगा उसके बाद कोई भी आपत्ति या दावा सुना नहीं जाएगा।

सही/-
श्री राज अनिलकुमार कारीरा
बैरक नं. 554, रुम नं.9, आवत चौक,
खेमानी, उल्हासनगर-2.

जूनियर एनटीआर ने फैंस को लगाई लताड़

लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में हाल ही में RRR फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान कुछ ऐसा देखने को मिला जिसने एक्टर जूनियर एनटीआर को नाराज कर दिया। फैंस की भीड़ ने जबरदस्ती सेल्फी लेने की कोशिश की और हंगामा मचा दिया, जिस पर जूनियर एनटीआर ने नाराजगी जताई। एक्टर ने बदतमीजी कर रहे कुछ फैंस के बर्ताव पर भी सवाल उठाते हुए उन्हें तमीज में रहने की सलाह दी। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है।

फैंस पर गुस्सा हुए जूनियर एनटीआर

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में जूनियर एनटीआर अपने फैंस से कहते नजर आ रहे हैं, 'मैं सेल्फी दूंगा, लेकिन आपको इंतजार करना होगा। अगर आप ऐसे बिहेव करेंगे तो सिक्योरिटी आपको बाहर निकाल देगी।' इस दौरान उन्होंने फैंस को संयम बरतने और सिक्योरिटी टीम का सहयोग करने की सलाह दी।

RRR की स्पेशल स्क्रीनिंग

यह प्रोग्राम RRR के स्पेशल स्क्रीनिंग के तहत ऑर्गेनाइज किया गया था, जहां जूनियर एनटीआर के साथ उनके को-स्टार राम चरण और डायरेक्टर एसएस राजामौली भी मौजूद थे। रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा ने लाइव परफॉर्मेंस दी और जैसे ही फिल्म में जूनियर एनटीआर की एंट्री सीन आया, हॉल में तालियों और हूटिंग की गूंज सुनाई दी। फैंस की इस खुशी ने हालांकि कुछ लोगों का बुरा बर्ताव परेशान करने वाला था।

राम चरण के फैंस ने किया हंगामा

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099